मध्य प्रदेश के डाकघरों में तार और बचत बैंक सुविधाएं

358. **श्री अजीत जोगी:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश के गांवों में ऐसे कितने डाक-कार्यालय हैं जहां पर पी०सी०ओ०, तार सेवा और बचत बैंक की सुविधाएं उपलब्ध हैं;

(ख) क्या सरकार का विचार निकट भविष्य में मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी डाक कार्यालयों में ऐसी सुविधाएं प्रदान करने का है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) मध्य प्रदेश के गांवों में उन डाकघरों की संख्या, जिनमें पी०सी०ओ० तार और बचत बैंक सुविधाएं उपलब्ध हैं, निम्न प्रकार से है:—

पी०सी०ओ०	—	2439
तार	—	541
बचत बैंक	—	10074

(ख) से (घ) पी०सी०ओ० और तार

राष्ट्रीय दूरसंचार नीति, 1994 के अनुसार, वर्ष 1997 तक देश के सभी गांवों में, जिनमें मध्य प्रदेश के गांव भी शामिल हैं, उपयुक्त सार्वजनिक स्थानों पर टेलीफोन सुविधाएं उत्तरोत्तर रूप से उपलब्ध करा दी जाएंगी। डाकघर उन प्रस्तावित स्थानों में से एक है जिनमें टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराई जानी है। सभी डाकघरों में टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अलग से कोई और योजना नहीं है। इन ग्रामीण पब्लिक टेलीफोनों पर ऐसे मामलों में तार सुविधा भी प्रदान की जाती है जहां ऐसी मांग हो और परियात की मात्रा के आधार पर इसका औचित्य बनता हो।

बचत बैंक

मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी डाकघरों में बचत बैंक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

प्राकृतिक गैस की कमी

360. **श्री जनेश्वर मिश्र:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि प्राकृतिक गैस की कमी के कारण कई महत्वपूर्ण परियोजनायें प्रभावित हो रही हैं;

(ख) क्या सरकार संबंधित परियोजनाओं को उनकी आवश्यकतानुसार प्राकृतिक गैस उपलब्ध कराने के लिए किसी कार्य योजना पर विचार कर रही है;

(ग) क्या देश में उपलब्ध प्राकृतिक गैस के भंडारों का सही ढंग से उपयोग हो रहा है; और

(घ) यदि हां, तो इस समय देश में कुल कितने गैस भंडार हैं और उनसे कितनी गैस प्राप्त की जाती है तथा देश में इसकी मांग और आपूर्ति में कितना अंतर है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) और (ख) उपलब्धता के लिए अनुमानित गैस पूर्णतः आवंटित कर दी गयी है तथा फिलहाल इसके अतिरिक्त आवंटन पर विचार करना साध्य नहीं है।

(ग) जी, हां। समुचित रिजर्वायर प्रबंधन तथा गैस की मांग के अधीन गैस के उत्पादन को अधिकतम किया जा रहा है।

(घ) गैस का वसूलीयोग्य शेष भंडार 700 बिलियन घन मीटर के लगभग होने का अनुमान लगाया गया है। एल पी जी, सी-2/सी-3 के निकर्षण तथा आन्तरिक प्रयोग के लिए जिन इकाइयों को गैस आवंटित की गयी है उनसे लगभग 75 एम एम एस सी एम डी की मांग के प्रति चालू वर्ष के दौरान 62 एम एम एस सी डी गैस का उत्पादन होने की संभावना है।

विदेश सचिव स्तर के प्रतिनिधि-मंडल की बांग्लादेश यात्रा

360. **श्री अनन्तराम जायसवाल:** क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हाल में भारतीय विदेश सचिव के नेतृत्व में एक दल ने बांग्लादेश की यात्रा की थी, यदि हां, तो इस यात्रा का उद्देश्य क्या था तथा इस यात्रा के दौरान मुख्य किन-किन विषयों पर विचार-विमर्श हुआ; और

(ख) इस यात्रा के दौरान हुए विचार-विमर्श का ब्यौरा क्या है तथा सरकार ने दोनों देशों के बीच सचिव स्तर पर हुए विचार-विमर्श के मुद्दों पर क्या निर्णय लिया है या लेना चाहती है?